# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर-दिसम्बर 2022

**परीक्षा का नाम : मध्यमा प्रथम**

**विषय : तबला / पखावज**

**दि. 20/11/2022 समय : 3 घंटे (दोपहर : 2 से 5) कुल अंक : 75**

सूचना : 1) किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
2) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

---

प्रश्न 1 रिक्त स्थानोंकी पूर्ती कीजिए। (15)

1) -------- घराने को दो उँगलियों का बाज अथवा चाँटी का बाज कहते है। (दिल्ली, लखनऊ, पंजाब)

2) विस्तारक्षम, खंडबद्ध, खाली-भरीयुक्त और तालाकार कलापूर्ण ऐसी रचना को -------- कहते है। (तुकडा, कायदा, मुखडा)

3) किस्म का शब्दश: अर्थ है -------- (रचना, प्रकार, ताल)

4) ताल के संपूर्ण मात्रा काल को -------- कहते है। (आवर्तन, चक्रदार, मोहरा)

5) पं.भातखंडेताललिपीनुसार तिरकिट शब्द ----- ऐसा लिखा जाएगा। (तिरकिट, तिरकिट, तिरकिट)

6) पं.पलुस्कर ताललिपीमें काल का चिन्ह -------- ऐसे दर्शाया जाता है। (0, +, X)

7) ताल चौताल पखावजपर -------- बाज में बजाया जाता है। (चाँटी, खुला, बंद)

8) खाली भरी तत्व से बनी हुई तथा व्यंजन प्रधान बोलों से युक्त गतिमान, विस्ताक्षम रचना --------- है ।
(रेला, गत, कायदा)

9) आडाचौताल -------- गायन के साथसंगती के लिए बजाया जाता है। (ख्याल, धृपद, धमार)

10) ठुमरी गायनप्रकार के लिए -------- ताल उचित है।
(त्रिताल, दिपचंदी, एकताल)

11) तिनताल का तिगून 1 आवर्तन -------- मात्रा का होगा।
($5\frac{1}{2}$, $5\frac{1}{3}$, $5\frac{1}{4}$ )

12) (1, 6, 11) यह तालीयाँ -------- ताल के है।
(धुमाळी, आडाचौताल, धमार)

13) केहरवा, दादरा, चाचर, इ. छोटे आकार के तालो में ------- का प्रयोग हुआ करता है। (लग्गी, कायदा, रेला)

14) विशेष शब्दाक्षरों की एक ही रचना, समान विश्रांतीकाल के साथ तीन बार बजाकर जब सम पर आती है उसे --------- कहते है। (तुकडा, तिहाई, मुखडा)

15) झपताल का चौगून एक आवर्तन -------- मात्रा का होगा।
($3\frac{1}{2}$, $2\frac{1}{2}$, $1\frac{1}{2}$)

**प्रश्न 2 अ) पं. पलुस्कर और पं. भातखंडे लिपी पध्दतीयों कि तुलना करे । (कम से कम दस मुद्दों पर) (10)**

**ब) दादरा और केहरवा तालों में दो–दो लग्गीयाँ लिपिबध्द करे । (5)**

**प्रश्न 3 लिपीबद्ध करे। (कोई 3) (5X3 = 15)**

1) झपताल / सूलताल की तिगुन (सम से समतक)
2) ताल तिनताल में एक फरमाईशी चक्रदार
3) एकताल / चौताल में सम से समतक तिहाई

4) रुपक में बेदम तिहाई

5) आडाचौताल / धमार में एक तुकडा

**प्रश्न 4 निम्नलिखित शब्दों की सोदाहरण परीभाषा लिखे। (कोई 3)** **(5X3 = 15)**

1) चक्रदार 2) परन 3) फरमाईशी चक्रदार
4) दमदार तिहाई 5) रेला

**प्रश्न 5 'बाज' की जानकारी देते हुए 'दिल्ली घराने की वादनशैलीपर विस्तृत विचार लिखे।** **(15)**

**प्रश्न 6 निम्नलिखित गायनशैली की संक्षिप्त जानकारी देकर उनमें उपयुक्त तालों के नाम लिखे। (कोई 3)** **(5X3 = 15)**

1) ठुमरी 2) भजन
3) ख्याल (विलंबीत-द्रुत) 4) तराना
5) धृपद

**प्रश्न 7 निम्नलिखित तालोंको निर्देशानुसार लिपीबद्ध करे। (कोई 3)** **(5X3 = 15)**

1) आडाचौताल / धमार की दुगून (पं.भातखंडे ताललिपी में)
2) ताल तिनताल / तिलवाडा की तिगून (पं.पलुस्कर ताललिपी में)
3) ताल झपताल / सूलताल की दुगून (आवर्तन में एकबार)
4) ताल रुपक / तेवरा की चौगून (आवर्तन में एकबार)
5) एकताल चौताल में सम से समतक केवल दमदार तिहाई लिपीबद्ध करे।